**लचर व्यवस्था** — 7 दिन बीतने के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण, सिर्फ दिखावा साबित हो रही डीएफओ की सख्ती

# वन विभाग का 'सीमांकन' सिर्फ दिखावा?



**मझौली, नवभारत।** मझौली स्थित आस्था के केंद्र बड़ा देव देवालय के आसपास वन भूमि पर हुए अवैध कब्जे को लेकर वन विभाग की कार्यप्रणाली पर अब सवाल उठने लगे हैं। जबलपुर वन मंडल अधिकारी के सख्त तेवर और मौके पर पहुंचकर दिए गए निर्देशों के बावजूद, धरातल पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

विदित हो कि गत दिवस डीएफओ ने बड़ा देव देवालय क्षेत्र का निरीक्षण किया था। अधिकारियों की मौजूदगी में बड़ी गहमागहमी के साथ सीमांकन (परिसीमन) की प्रक्रिया शुरू की गई थी। उस दौरान सख्त लहजे में चेतावनी दी गई थी कि वन भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लेकिन हकीकत यह है कि इस हाई-प्रोफाइल निरीक्षण को एक हफ्ता बीतने को है और मौके से एक इंच भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया है।

### मझौली बीट प्रभारी की भूमिका पर सवाल

सूत्रों और स्थानीय चर्चाओं की मानें तो उच्चाधिकारियों के निर्देश 'मझौली बीट' तक आते-आते ठंडे पड़ते दिखाई दे रहे हैं। डीएफओ के दौरे के बाद क्षेत्र के लोगों को उम्मीद थी कि अब वन भूमि अतिक्रमणकारियों के चंगुल से मुक्त होगी, लेकिन मझौली बीट प्रभारी की सुस्ती या 'अनदेखी' के चलते अब तक बुलडोजर तो दूर, एक नोटिस तक का असर नहीं दिख रहा है।

### अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद

कार्रवाई के नाम पर हो रही इस देरी ने अतिक्रमणकारियों को और अधिक समय दे दिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब खुद जिला स्तर के बड़े अधिकारी आकर निर्देश दे चुके हैं, तो फिर स्थानीय अमला कार्रवाई करने से क्यों बच रहा है? क्या इसके पीछे कोई राजनीतिक दबाव है या फिर विभाग की मिलीभगत?

### आस्था और पर्यावरण दोनों खतरे में

बड़ा देव देवालय न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र प्राकृतिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो धीरे-धीरे पूरी वन संपदा नष्ट हो जाएगी।

### सवाल अब भी बरकरार

क्या वन विभाग की यह टीम केवल फाइलें भरने और फोटो खिंचवाने के लिए आई थी? आखिर मझौली बीट प्रभारी शासन के आदेशों को जमीन पर उतारने में नाकाम क्यों साबित हो रहे हैं?





# गेहूं से लदा बेकाबू लोडिंग वाहन दुकान में घुसा

**नवभारत, बेलखाड़ू।** कटंगी थाना अंतर्गत बेलखाड़ू पुलिस चौकी अंतर्गत सिमरिया मोड पर गेहूं से लदा लोडिंग वाहन अनियंत्रि होकर बेकाबू हो गया और एक दुकान में जाकर घुस गया। हादसे से दुकान को भारी नुकसान हुआ है और सामान क्षतिग्रस्त हो गया।

जानकारी के अनुसार लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 20 जीबी 1930 सरोद रोड से जबलपुर के लिए गेहूं लोड कर निकला था वे जैसे ही सुबह 10 बजे बेलखाड़ू के सिमरिया मोड पर पहुंचा तभी तेज रफ्तार वाहन पर चालक नियंत्रण खो बैठा और सिमरिया मोड़ के ठीक सामने सड़क के दूसरी ओर स्थित किराना दुकान के बाजू से सोनिया साहू के अनिका ब्यूटी पार्लर एवं जनरल स्टोर्स में जा घुसा। बेलगाम वाहन ने ऐसा तांडव मचाया कि वे नाली, टीन शेड,दुकान की शटर, छत तोड़ते अंदर प्रवेश कर गया जिससे अन्दर रखी जनरल स्टोर्स एवं पार्लर सामग्री, फर्नीचर आदि टूट गए। साथ ही बाजू से स्थित जित्तू जितेंद्र साहू की किराना दुकान की एक दीवाल व सामग्री भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में एक ऑटो सवार घायल है और चालक फरार हो गया। बेलखाड़ू पुलिस मौके पर पहुंच कर ऑटो जप्त करते हुए जांच कर दी है।

# कुशनेर के विद्यार्थियों ने स्कूल का बढ़ाया मान



▶ **पनागर शासकीय उत्कृष्ट हाई स्कूल का बेहतर आया परीक्षा परिणाम**

**कुशनेर/पनागर, नवभारत।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुशनेर, पनागर (जिला जबलपुर) के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत से अधिक रहा। कक्षा 10वीं का परिणाम 89 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं (कला संकाय) का परिणाम 84 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस वर्ष कक्षा 12वीं कला वर्ग में छात्राओं ने विशेष उपलब्धि हासिल की, जिसमें पूनम चौधरी ने 85 प्रतिशत, रंजना ने 83 प्रतिशत और नंदिता शर्मा ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं विज्ञान वर्ग में तरुण केवट ने 80 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

वहीं कक्षा 10वीं में भूमि पटेल ने सर्वाधिक 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा कनक पटेल ने 85 प्रतिशत, अनु पटेल ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साहिल गौंड़, अंशिका, भैरो चक्रवर्ती ने भी उत्कृष्ट अंक हासिल किए हैं। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। सभी शिक्षकों को उनके समर्पण के लिए बधाई दी गई।विद्यालय परिवार ने आशा जताई कि भविष्य में भी विद्यार्थी इसी प्रकार सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करते रहेंगे।

## 93 .8 प्रतिशत लेकर इशिका ने बढ़ाया नगर का गौरव

**सिहोरा।** अभी हाल में घोषित हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की 12 बोर्ड परीक्षा के परिणाम में नगर के सालेम स्कुल की छात्रा इशिका सोनी ने 500 में से 469 अंक 93.8 प्रतिशत अंक हासिल करने के साथ सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल कर नगर के साथ विद्यालय और परिवार को गौरवान्वित किया है इशिका आप अमित माधवी सोनी की सुपुत्री है।




# जल गंगा संवर्धन अभियान : मझौली के पोला में ली गई जल शपथ

**मझौली,नवभारत।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चलाए जा रहे जल स्रोत सेवा समागम' कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को विकासखंड मझौली के सेक्टर-2, ग्राम पोला में जल शपथ कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नवांकुर संस्था सीता शरणमहाराज समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में संपन्न हुआ।

जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया एवं ब्लॉक समन्वयक नूपुर खरे के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को जल की महत्ता से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से जल संरक्षण की शपथ ली।




**जल का अपव्यय रोकने लिया गया संकल्प**-उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि वे न केवल जल का अपव्यय रोकेंगे, बल्कि पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए भी सक्रिय रूप से कार्य करेंगे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने 'जल है तो कल है' का संदेश देते हुए कहा कि गिरता भू-जल स्तर भविष्य के लिए एक बड़ी चुनौती है। जल स्रोतों की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम में जल के सदुपयोग और वर्षा जल संचयन के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, विभिन्न ग्रामों की प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में जल स्रोतों को स्वच्छ रखने और आने वाली पीढ़ी के लिए पानी बचाने का संकल्प दोहराया।

# मुर्गी बोला, पक्ष में गवाही नहीं दी तो जान से मार देंगे

▶ **काला हत्याकांड : पीड़ित को धमकाया, प्रकरण दर्ज**

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना थाना अंतर्गत चिकनी कुआं में काला हत्याकांड में आरोपित मुर्गी उर्फ महेन्द्र ने पीड़ित को पक्ष में गवाही देने धमकाया। आरोपी ने सरेराह गवाही पक्ष में नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को रोहित बाल्मीक निवासी देवताल चिकनी कुआ गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वर्ष 2024 में मोना उर्फजितेन्द्र दाहिया, मुर्गी उर्फ महेन्द्र दाहिया, दीपू अहिरवार तीनों ने मिलकर उसके भाई राहुल उर्फ काला की हत्या की थी जिसका केश न्यायालय में चल रहा है मुर्गी उर्फ महेन्द्र दाहिया लगभग एक माह पहले जेल से छूटकर आया है उसकी इसी मामले में गवाही है। शुक्रवार सुबह लगभग 11-30 बजे बघा तालाब चिकनी कुआ में बुआ के यहां से घर आ रहा था मुर्गी उर्फ महेन्द्र दाहिया बघा तालाब मुकाटी घाट के पास मिला और धमकी दिया कि हमारे पक्ष में गवाही नहीं दी तो तुझे एवं तेरी मां को जान से खत्म कर देगें।



# बाल विवाह रोकने आंगनबाड़ी में दिलाई गई शपथ

**नवभारत, बेलखाड़ू, जबलपुर।** पोषण अभियान विभिन्न बिंदुओं के तहत जारी है। इनमें से एक बाल विवाह रोकना भी उद्देश्य है। गांव में मूल जानकारियों एवं तथ्यों को छिपाकर बाल विवाह चोरी छिपे करने की प्रथा कही कही अभी भी चलन में है, ऐसे में अभियान अंतर्गत गांव में अपनी सोच बदलने एवं बाल विवाह पर पूर्ण रोक लगाने के लिए जागरूकता जरूरी है।

परियोजना अधिकारी आराधना गर्ग ने बताया कि अभी अक्षय तृतीय आने वाली है इस दिन ग्रामीणों में बगैर मुहूर्त के विवाह का चलन बहुत होता है इसी की आड़ लेकर गांव में बाल विवाह की संभावना बनी रहती है। अभियान अंतर्गत बाल विवाह के कानूनी एवं शारीरिक दुष्परिणामों से भी अवगत कराते हुए बचाव के उपाय बताए गए। बेलखाड़ू सेक्टर के ग्राम पंचायत मोहास की आंगनबाड़ी केंद्र में आराधना गर्ग के मार्गदर्शन एवं सुपरवाइजर रश्मि पांडे, कार्यकर्ता सुनीता नगाइच, प्रियदर्शनी शर्मा, संध्या खरे की उपस्थिति में बाल विवाह रोकने के लिए उपस्थित जनों को शपथ ग्रहण कराई गई।

# गर्मी को देखते हुए प्रात : से लगाया जाए स्कूल

▶ **तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के साथ अभिभावकों ने सुबह 7 बजे से स्कूल संचालित करने उठाई मांग**

**नवभारत, सिहोरा।** वर्तमान में सूर्यदेव के तल्ख तेवरों ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। आसमान से बरसती आग और प्रतिदिन बढ़ते पारे के कारण शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भीषण गर्मी से बेहाल हैं। बढ़ते तापमान और लू के थपेड़ों के बीच दोपहर के समय स्कूल से घर लौटने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। गर्मी की इन विकट परिस्थितियों को देखते हुए शिक्षकों और विद्यार्थियों को शारीरिक नुकसान होने की प्रबल आशंका बनी हुई है।

उपरोक्त संबंध में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष अर्जुन गर्ग ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि प्रदेश के कई पड़ोसी जिलों में भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा स्कूलों का समय परिवर्तन कर उन्हें सुबह की पाली में कर दिया गया है। इसी कड़ी में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद गर्ग सहित अन्य पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं के हित में आवाज उठाई है। संघ के जयप्रकाश तिवारी, नितिन अग्रवाल, शीतल प्रसाद दुबे, सतीश तिवारी, रामजी बर्मन, राजू भैया पटवा, ओम प्रकाश नामदेव और मंजू दुबे आदि ने सामूहिक रूप से जिला प्रशासन से मांग की है कि वर्तमान मौसम को देखते हुए विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से सुबह की पाली में लगाया जाए।

### 11 बजे तक छुट्टी की अपील

संघ का सुझाव है कि बढ़ते तापमान को देखते हुए विद्यालयों के संचालन का समय सुबह 7:00 बजे से निर्धारित किया जाए और किसी भी स्थिति में 11:00 बजे के बाद कक्षाएं न लगाई जाएं। प्रतिनिधियों का कहना है कि दोपहर की भीषण तपिश बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अभिभावकों और शिक्षकों ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जल्द ही समय परिवर्तन के आदेश जारी करेगा।

# दो घरों के टूटे ताले लाखों की चोरी



**नवभारत, जबलपुर।** खमरिया और कुंडम थाना क्षेत्र में दो सूने घरों पर चोरों ने धावा बोलते हुए सोने चांदी के जेवरात, नगदी पार कर दी । पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

खमरिया पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को पुष्पराज सिंह मरावी 41 वर्ष निवासी लोहकरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह भोपाल में विद्या स्टेशनरी की दुकान चलाता है। उसकी पत्नी भोपाल में श्रमोदय आवासीय विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत है इस कारण से वह भोपाल में रहता है। घर में उसकी बहन सुलोचना मार्को अपने बच्ची रूही के साथ में लगभग 15-16 वर्ष से रह रही है । 14 अप्रैल को बहन रिश्तेदारी में बाहर गयी थी। भांजी अपने छोटे नाना के यहां गयी थी। इसी बीच चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, नगदी दस हजार पार कर दिए।

इसी प्रकार कुंडम थाने में शुक्रवार को रमेश प्रसाद झारिया 52 वर्ष निवासी ग्राम भोकादेवरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका बेटा संजय झारिया एवं बहू पुतली झारिया बाहर शहर में रहते हैं । बीती रात सभी सो गए थे। सुबह उठे तो देखा दरवाजा अंदर से बंद था। पीछे जाकर देखे घर के दोनो कमरों की पक्की दीवार में छेद था उसी छेद से कमरे में जाकर दरवाजा खोला पत्नी एवं बेटे भी अंदर आकर देखे घर में सामान बिखरा हुआ था दोनों आलमारी, बिस्तर पेटी, ड्रेसिंग सभी खुले थे सामान बिखरा हुआ था आलमारी में रखे जेवरात, नगदी 25 हजार गायब थे।

### इधर तीन मोबाइल चोरी

अधारताल थाने में दीपक कुमार पहाड़े निवासी धनी की कुटिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सेंट्रल बैंक आफ इंडिया मालवीय चौक में असिस्टमेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत है घर से उसके दो मोबाइल 90 हजार रूपए के चोरी हो गए। इसी प्रकार कोतवाली थाने में यशी जैन निवासी भालदार पुरा, तिलक भूमि तलैया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर से उसका आईफोन 17 प्रो मैक्स कीमती लगभग 1 लाख 30 हजार रूपये का चोरी हो गया ।

**आयोजन** — श्रीमद् भागवत कथा में गूंजा परीक्षित जन्म और शुकदेव आगमन का प्रसंग, श्रोताओं ने उठाया धर्म लाभ

# यज्ञ की आहुतियों के साथ आध्यात्ममय हुआ वातावरण

**नवभारत, सिहोरा।** ग्राम डूँड़ी (माल्हा) के खेरमाई प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय 'श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण' के दूसरे दिन कथा की अविरल धारा बही। कथा व्यास पं. राजा प्यासी (देवरी वाले) के मुखारविंद से शुकदेव आगमन एवं राजा परीक्षित के जन्म की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

कथा के प्रथम चरण में व्यास पीठ से पं. राजा प्यासी ने राजा परीक्षित के जन्म का वृत्तांत सुनाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अश्वत्थामा द्वारा छोड़े गए ब्रह्मास्त्र से माता उत्तरा के गर्भ में पल रहे परीक्षित की रक्षा स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने की थी। भगवान के इस रक्षा कवच के कारण ही परीक्षित का जन्म संभव हो सका, जिसे सुनकर उपस्थित जनसमूह ने 'जय श्री कृष्णा' के जयकारों से पाण्डाल गुंजायमान कर दिया।

### शुकदेव आगमन और वैराग्य की बताई महिमा

द्वितीय प्रसंग में शुकदेव जी के दिव्य आगमन की कथा सुनाई गई। कथा व्यास ने कहा कि जब राजा परीक्षित को श्रृंगी ऋषि का शाप लगा, तब उनके मोक्ष के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए परम ज्ञानी शुकदेव जी का प्राकट्य हुआ। शुकदेव जी द्वारा परीक्षित को सात दिनों में मुक्ति दिलाने का संकल्प और उनके वैराग्य की महिमा ने भक्तों को भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। यज्ञाचार्य पं. सत्येन्द्र मिश्रा (वाराणसी) के सानिध्य में यज्ञ की आहुतियों के साथ वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया।



### भक्तों की उपस्थिति एवं आयोजन की भव्यता

इस धार्मिक अनुष्ठान में मुख्य अतिथि अमरनाथ दुबे (मोहनिया माल्हा) और आयोजन समिति के अध्यक्ष पं. वासुदेव मिश्रा सहित उत्तम तिवारी, बाल गोविंद मिश्रा, और यजमान श्रीराम पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कथा के दौरान ग्राम डूँड़ी और आसपास के क्षेत्रों से आए धंशु पटेल, शारदा पटेल, राजेश दाहिया एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने धर्म लाभ लिया। आयोजकों ने सूचित किया कि 23 अप्रैल तक चलने वाली यह कथा प्रतिदिन सायं 4 बजे से प्रभु इच्छा तक अनवरत जारी रहेगी।



# पारा 42 डिग्री, चली लू गर्मी ने बढ़ाई बेचैनी

**नवभारत जबलपुर।** शहर में भीषण गर्मी का सितम शुरू हो गया। हर दिन पारे में गिरावट हो रही है। गर्मी अपना असर दिखा रही है। दिन के साथ रातें भी गरम हो चली है। शुक्रवार को लू चलने के साथ पारा 42 डिग्री पर पहुंच गया । सुबह से सूर्यदेव ने उग्र तेवर दिखाये । दिनभर गरम हवएं झुलसाती रही। चिलचिलाती धूप और गर्मी से बचने लोग गमच्छा, टोपी, चश्मा लगाकर ही बाहर निकले।

मौसम विभाग की माने तो आने वाले 18 व 22 अप्रैल तक जबलपुर जिले में दिन का तापमान 41 से 42.5 डिग्री सेल्सियस और एवं रात का तापमान 22 से 23.5 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है, जिस कारण दिन में लू भी चल सकती है। दीर्घवादी पूर्वानुमान में पूर्वी मध्य प्रदेश में अगले दो हफ्तों में वर्षा नहीं होने, एवं दिन वा रात के तापमान सामान्य से अधिक रहेगा।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस



दर्ज किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। सुबह के वक्त आद्रता 39 और शाम को 27 प्रतिशत दर्ज की गई। पश्चिमी हवाएं चार से पांच किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही थीं।

मौसम विभाग की माने तो एक ट्रफ, उत्तर-पश्चिम राजस्थान से दक्षिण-पश्चिम मध्यप्रदेश तक, पूर्वी राजस्थान के ऊपर से होकर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊँचाई पर विस्तृत है। एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण, दक्षिण-पूर्व पाकिस्तान और उससे लगे राजस्थान के ऊपर माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊँचाई पर सक्रिय है। उत्तर-पश्चिम भारत और गुजरात के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.5 किमी की ऊँचाई पर लगभग 167-185 किमी प्रति घंटे की गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम प्रवाहित हो रही है।